उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 06.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी एवं प्रस्तावित रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आज दिनांक- 06.06.2025 को पुलिस लाइन, महोबा में पुलिस अधीक्षक, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। परेड के उपरांत परेड का टोलीवार निरीक्षण कर उपस्थित पुलिस कर्मियों को अनुशासित, समरसता एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही संपन्न कराई गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों की शारीरिक और मानसिक दृढ़ता हेतु दौड़ भी लगवाई गई, जिससे उनमें ऊर्जा एवं टीम भावना का संचार हो सके। परेड उपरांत अर्दली रूम की कार्यवाही ली गई, जिसमें गार्द रजिस्टरों की गहन जांच की गई एवं संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को उच्च स्तर का अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस भर्ती- 2023 के अंतर्गत चयनित रिक्रूट आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण की तैयारियों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन स्थित आर.टी.सी. बैरक, स्कूल, मेस, परेड ग्राउंड तथा जेटीसी बैरक आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण के लिए उत्तम गुणवत्ता की सामग्रियों की उपलब्धता तथा उच्च मानकों पर आधारित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, सहित परेड के हकदार सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित निर्माण कार्य करा रही कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।









## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 06.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी महिला उ0नि0 दीक्षा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 58/2025 धारा 137(2)/87/142 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्ता श्रीमती गीता पत्नी उत्तम पुत्री जगमोहन खटीक निवासी ग्राम गरौंली थाना नौगाँव जनपद छतरपुर उम्र करीब 32 वर्ष को थानाक्षेत्र के यात्री प्रतीक्षालय रिवई मोड़ महोबकंठ से गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि वांछित अभियुक्ता के द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीडिता/अपहृता को अभियुक्ता के भाई राजेन्द्र द्वारा दिनांक 05.04.2025 को भगाकर ले गया था जिसको अभियुक्ता द्वारा सदोष छिपाने के अपराध में गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-

श्रीमती गीता पत्नी उत्तम पुत्री जगमोहन खटीक उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम गरौंली थाना नौगाँव जनपद छतरपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. महिला उ0नि0 दीक्षा
2. का0 तेज सिंह



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-06.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उ0नि0 निकिता शुक्ला, का0 विकास सरोज, हो0गा0 रामप्रकाश के नेतृत्व में टीम ने थाना हाजा मे पंजीकृत मु0अ0स 85/25 धारा 87/64(1) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अशगर खान उर्फ बिट्टू पुत्र महबूब खान उम्र करीब 19 वर्ष नि0ग्रा0 तिंदौली थाना श्रीनगर जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के कैमाहा बार्डर के पास बने प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

अशगर खान उर्फ बिट्टू पुत्र महबूब खान उम्र करीब 19 वर्ष नि0ग्रा0 तिंदौली थाना श्रीनगर जनपद महोबा।

**गिरफ्तारी का स्थान-**

कैमाहा बार्डर के पास बने प्रतीक्षालय वहद ग्राम कैमाहा श्रीनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 निकिता शुक्ला
2. का0 विकास सरोज
3. हो0गा0 रामप्रकाश



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## ईद-उल-जुहा (बकरीद) को लेकर महोबा पुलिस प्रशासन सतर्क, ईदगाह व नमाज स्थलों का किया निरीक्षण।

ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को शांति, सौहार्द व अनुशासन के साथ सम्पन्न कराने हेतु महोबा पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय नजर आ रहा है। आगामी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत करिया पठवा, ईदगाह एवं नमाज स्थल का निरीक्षण किया गया तथा जनपद के ईदगाहों एवं प्रमुख नमाज स्थलों का पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं आयोजन समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में संभावित भीड़-भाड़ वाले इलाकों, ईदगाहों, कुर्बानी स्थलों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया। अमन-चैन बनाए रखने हेतु धार्मिक गुरुओं एवं समुदाय के गणमान्य नागरिकों से संवाद कर सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की अपील की गई।

कुर्बानी को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कुर्बानी के दौरान किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए सभी संबंधितों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्टों पर निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन से निगरानी, तथा पैदल गश्त जैसे प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे, त्याग और प्रेम का प्रतीक है, जिसे सभी को मिल-जुलकर शांतिपूर्वक मनाना चाहिए।

